एक नजर में

## टाण्डा पुलिस की कार्रवाई, यश बस के ड्राइवर से मारपीट करने वाले बदमाशों को टाण्डा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**टांडा धार**. 13 जून को बिल्दा तिराहा ग्राम खरवाली मे यश बस को रोककर बस के अन्दर घुसकर ड्रायवर के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई थी। बस ड्रायवर प्रताप अन्नारे निवासी झिरपनिया की सुचना पर बदमाशो के विरुध्द अपराध पंजीबध्द किया गया था। बदमाशो के विरुध्द शक्त कार्रवाई करने हेतु श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक महोदय निर्देशित किया गया था। इस तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गितेश गर्ग, उप पुलिस अधीक्षक श्री सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी टाण्डा श्री संजय कुमार रावत द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुँवे थाने पर टीम का गठन किया गया एंव बदमाश *01. कमल पिता रामसिह डावर 02. मुकाम पिता खुमसिंह डावर 03. रवि पिता विजय सिसोदिया 04. पंकज पिता रामसिह डावर 05. भुवानसिंह पिता लालसिंह डावर 06. मनोज निवासीगण ग्राम बाकी ग्राम बिल्दा थाना गंधवानी को गिरफ्तार* कर वैधानिक कार्यवाही की गई। उक्त आरोपीगण की धरपकड मे थाना प्रभारी टाण्डा निरीक्षक श्री संजय कुमार रावत, उप निरीक्षक भूपेन्द्र खरतिया, उनि रमेश चन्द नायक, आर. 1068 सुनिल पंवार, 1097 सिध्दार्थ, आर. 74 गोर्वधन, आर. 980 राहुल, आर. 990 राजकुमार का विशेष योगदान रहा।

## हाईस्कूल बडोदिया में प्रवेश उत्सव मनाया किताबें बांटी

**सरदारपुर।** नगर के समीप गांव बडोदिया के हाईस्कूल में



सोमवार को नवीन वर्ष का प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य अतुल कुमार त्रिवेदी द्वारा छात्र छात्राओं को पुस्तकें बाटी गई। प्रवेश उत्सव को लेकर विद्यार्थियों में खुशियां दिखाई दी गई।

## सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक में रवि त्रिवेदी तहसील अध्यक्ष बनाए गए, समाजजनो ने स्वागत किया

**सरदारपुर।** सर्व ब्राह्मण समाजजनो की पहली बार



सरदारपुर तहसील स्तर की बैठक रविवार को भगवान नरसिंह देवला धाम पर विद्वान वरिष्ठ जनो की मौजूदगी की गई। कार्यक्रम के शुरुआत पहले ब्राम्हण समाजजनो द्वारा भगवान परशुराम और माताजी का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया। पहली बार आयोजित बैठक में समाजजनो द्वारा उत्साह दिखाया। इस शुभ अवसर पर सेवानिवृत्त एसडीओपी ऐश्वर्य शास्त्री, पंडित सुभाष शर्मा, अमित तिवारी अमझेरा, प्रेम कुमार वैध राजगढ़, पंडित हैमंत बाउडी वाले, अशोक तिवारी, अश्विनी दिक्षित छगनलाल शर्मा की विशेष मौजूदगी एवं मार्गदर्शन में समाज हित में अपने विचार रखते हुए युवा वर्ग से रवि त्रिवेदी, आशीष त्रिवेदी भोपावर, सत्यनारायण व्यास राजगढ, भूपेंद्र जोशी, बलराम व्यास सरदारपुर द्वारा समाज हित में बढाए गए कदम की सराहना प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में पंडित सत्यनारायण व्यास ने सरदारपुर तहसील में निवासरत ब्राम्हण समाज परिवार सदस्यों की गणना से समाजजनो को अवगत कराया गया। समाज के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में समाजहित में भगवान परशुराम का मंदिर, समाज में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान करना, युवा बच्चों को कर्म विध्या शिक्षा दिलवाकर संस्कार वान बनाना जैसे अहम मुद्दे पर बात रखते हुए निर्णय लिए गए। सेवानिवृत्त एसडीओपी शास्त्री ने बताया कि समाजहित में संगठित होना बहुत आवश्यक जरुरी है। बगैर संगठन के सफलता मिलना मुश्किल है। एकता में ही अनेकता है, मुझे आप सभी को देखकर और मिलकर बड़ी खुशी है। युवाओं ने जो समाज को आगे बढ़ाने और उठाने के लिए कदम बढाए है निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी। शास्त्री ने कहा इसके लिए आप सभी का तन मन धन से सहयोग होना भी जरूरी है। कोई दिक्कत परेशानी आए तो बताए। इस मौके पर समाजजनो द्वारा सर्वानुमति से सर्व ब्राह्मण समाज सरदारपुर तहसील का अध्यक्ष रवि त्रिवेदी को बनाया गया है। उपस्थित बड़ी संख्या में समाजजन ने स्वागत किया। समाज की सरदारपुर तहसील स्तर की बैठक में सरदारपुर, बडोदिया, बिछिया, राजगढ़, दत्तीगाव, राजोद, लाबरिया, बरमंडल, अमझेरा, सोनगढ, भानगढ, दसई आदि नगर गांवो से बडी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पंडित और वीररस कवि आशीष त्रिवेदी भोपावर ने किया। कार्यक्रम के समापन बाद भगवान नरसिंह, परशुरामजी की आरती उतारकर भक्तो को प्रसादी बाटी गई। बाद में समाजजनो का स्नेह भोज किया।







# डीपीएल रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**डीपीएल की विजेता लवकुश टीम और उपविजेता सुपर स्ट्राइगर टीम रही**

**धार** .प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2025 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार की रात्रि उदय रंजन क्लब मैदान में फाइनल मैच के साथ हुआ। विजेता लवकुश टीम और उपविजेता सुपर स्ट्राइगर टीम रही फाइनल मैच 10 ओवर का रहा। अंतिम दिन मैच ब?ा रोमांचक भरा रहा फाइनल मैच के समय हजारों दर्शक मैच देखते रहें।

रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा नेता राकेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहें।

आयोजक युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार ने बताया की प्रीमियर लीग (डीपीएल) रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 7




जून को आरंभ हुआ टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें भाग लिया। प्रतिदिन रात में कुल पांच मैच खेले गए। विजेता टीम के कैप्टन संदीप रघुवंशी व खिलाडियों को 51 हजार का चैक ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम के कैप्टन आदित्य सक्सेना व खिलाडियों को 21 हजार का चैक ट्रॉफी अतिथियों ने प्रदान कर सभी खिला?ियों को बधाई दी। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में युवाओं का उत्साह, खिलाड़ियों की लगन और टीम की मेहनत निर्णायक रही।

इस अवसर पर डीपीएल मैच आयोजक एवं युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मनीष प्रधान दीपक सिंह रघुवंशी नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम जसप्रीत डंग लव प्रजापति बादल मालवीय करण पटेल राकेश दुर्गेश्वर अमित शर्मा आशीष जैन महेश बोडाने सोनिया राठौर श्याम बाबा रतन पवार आदित्य जाधव जय सूजान पंकज जाधव मंचासीन रहें।

# देश को मजबूत बनाने वाली योजनाएं

**मांडू। धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र के नालछा मंडल में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसमे पिछले ग्यारह वर्षो के सुशासन में सेवा और विकास के साथ जनकल्याण के लिए कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया**



कार्यक्रम में संकल्प सभा के मुख्य वक्ता श्री विनोद शर्मा जी,कार्यक्रम की विधानसभा प्रभारी श्रीमती सुनीता दुबे जी,जनपद पंचायत नालछा उपाध्यक्ष श्री दिलीप डावर जी,भाजपा जिला मंत्री श्री पवन कुशवाह जी,भाजपा नालछा मंडल अध्यक्ष श्री रघु निनामा जी,बगड़ी मंडल अध्यक्ष श्री लोकेंद्र चौधरी जी,कार्यक्रम के नालछा मंडल प्रभारी श्री संतोष जी राठौड़ पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र जी परिहार युवा नेता यश यादव पार्षद प्रतिनिधि विजय ठाकुर सोनू यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण यादव विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर महेश प्रतिनिधि अशोक जाट सहित श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में कारसेवक रहे श्री सीताराम जी भाभर भी मंचासीन थे

मुख्य वक्ता विनोद शर्मा जिन्होंने बीजेपी की रीति नीति के बारे में बताया उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि भाजपा ने इन 11 वर्षों में अनेक ऐसी योजनाएं लागू की जिस देश आर्थिक रूप से मजबूत बने साथ ही हर गरीब तबके के व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले उन्होंने धारा 370 मिशन सिंदूर ऐसे अनेक उदाहरण देकर भाजपा सरकार की बड़ी उपलब्धि बताई

भाजपा मंडल अध्यक्ष नालछा रघुजी निनामा ने भी अपने उद्बोधन में कहा भाजपा ने इन 11 वर्षों में वह कर दिखाया जो कांग्रेस सरकार 70 सालों में नहीं कर पाईजो भाजपा सरकार ने इन 11 वर्षों में कर दिखाया एक गरीब तबगे की व्यक्ति की आशाएं होती है कि उसके नगर में पानी बिजली और आवास की समुचित व्यवस्था हो जो भाजपा सरकार ने लगभग मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र में उपलब्ध कराया है

पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र जी परिहार ने बताया कि हमारे यहां एक विमान दुर्घटना हुई है इस छती की पूर्ति कोई नहीं कर सकता हमारी सरकार और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी जी को इस दुर्घटना से और हमारे देश को जो क्षति पहुंची है उसकी पूर्ति नहीं की जा सकती दिवंगत आत्माओं को को शांति मिले ऐसी हम ईश्वर से प्रार्थना कर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष रघु जी निनामा ने माना

## वर्षा योग को सफल बनाने में दिगंबर जैन समाज संकल्प के साथ जुटा

*22 जून को मुनिराज का ससंघ होगा धार में मंगल प्रवेश*

**धार।** उपाध्याय गुरुवर श्री विभंजन सागर जी मुनिराज ससंघ का वर्षायोग 2025 धार नगर में होने जा रहा है। धार दिगंबर जैन समाज में वर्षायोग को लेकर अपार उत्साह का माहौल बना हुआ है। गुरुदेव ससंघ का 18 जून को इंदौर राजेंद्र नगर से धार के लिए विहार होगा। 22 जून रविवार को प्रात- धार नगर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। समाज अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरी टीम अपने स्तर पर इंदौर से धार विहार एवं भव्य मंगल प्रवेश हेतु जुटी हुई है। वर्षयोग 2025 धार नगर में ब? लंबे अंतराल के बाद होने जा रहा है। जिससे धार समाज के प्रत्येक सदस्यों में बहुत ही खुशी देखने को मिल रही है।

अलग-अलग समितियों का हुआ गठन

मीडिया प्रभारी सुभाष जैन्न ने बताया की वर्षा योग को सफल बनाने के लिए समाज की एक बैठक में विभिन्न समितियां गठित की गई है जिसमें अर्थ समिति,, आहार समिति, प्रवचन समिति, जुलूस व्यवस्था समिति, भोजन व्यवस्था समिति, आतिथ्य सत्कार समिति आदि है। जुलूस व्यवस्था समिति में पुरुष समिति और महिला समिति का भी अलग-अलग गठन किया गया है। वर्षा योग की निमंत्रण पत्रिकाएं समाज के वरिष्ठ सदस्य घर-घर बांट रहे हैं तथा वर्षायोग के समस्त कार्यों में सहयोग देकर सफल बनाने की अपील कर रहे हैं। समाज की संस्थाएं जिसमें दिगंबर जैन महिला मंडल, महिला महासमिति, नवयुवक मंडल, युवा संगठन तथा समाज की कार्यकारिणी ने भी समाज अध्यक्ष के नेतृत्व में अपने-अपने स्तर पर कार्य करने की योजना बनाकर उस पर अमल करना शुरू कर दिया है।

# मुक्तिधाम में किया वृक्षारोपण

**मनावर।** शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित मुक्तिधाम अब धीरे-धीरे विकसित होता जा रहा है 8 वर्ष पहले मुक्ती धाम सेवा समिति द्वारा जब मुक्ति धाम पर पौधारोपण का कार्य शुरू किया था तब ऐसा प्रतीत होता था कि इतना बड़ा मुक्तिधाम आखिर कैसे संवरेगा। 8 वर्ष की लगातार मेहनत और नगर पालिका के सहयोग से मुक्तिधाम में हरियाल हीी हरियाली नजर आती है छोटे छोटे पौधे अब पेड़ों का रूप ले चुके हैं मुक्तिधाम में घुसते ही किसी गार्डन में आने का आभास होता है तथा अंदर त्रिवेणी ,पीपल, निम, बिल्व पत्र ,समी आदि कई प्रकार के पौधे बढ़ते जा रहे हैं गुलाब के पौधे तो इतने फूल देते हैं कि लोग यहां से फूल लेकर जाते हैं ।समिति द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से लकड़ी गोदाम की मांग की जा रही थी कंपनी के यूनिट हडै विजय छाबड़ा एवं सी एस आर विभाग के विपीन सक्सेना द्वारा समिति की मांग पर 24 लाख रुपए का विशाल लकड़ी संग्रहण गोदाम कंपनी के सीएसआर फंड से बनवाया गया समिति द्वारा उस गोदाम में जनता की सुविधा के लिए लकड़ी, गौशाला से बने शुद्ध कंडे खेतों से तुवर की काठी एकत्रित की गई है अब किसी के दिवंगत होने पर मात्र एक फोन पर ही लकड़ी कंडे आदी की सारी व्यवस्था मुक्तिधाम पर ही







सहयोग राशि लेकर की जावेगी। साथ ही गरीब निराश्रित लावारिसों के लिए निशुल्क व्यवस्था रहेगी । वही मई जून माह मे मान नदी का पानी दूषित हो जाता है वह उपयोग के लिए नहीं रहता है इसके लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संगीता शिवराम पाटीदार द्वारा कुआं खुदवा दिया गया था जिसमें पर्याप्त मात्रा में पानी है कुआ कच्चा था इसलिए धनंजय बिल्डर के कैलाश जायसवाल द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में डेढ़ लाख रुपए की लागत से पक्का कुआं बनवा दिया गया है ।शीघ्र ही वहां पर नहाने के लिए बड़ा स्नान घाट बनाया जाएगा वहीं नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार ने बताया कि मुक्तिधाम के सौंदरीकरण एवं उसके विकास के लिए हर संभव मदद की जावेगी शहर के लोग जो मुक्तिधाम में आएंगे तो उन्हें एक अलग ही अनुभूति होगी मुक्तिधाम सेवा समिति के कैलाश राठौड़ एवं जे डी जौहरी ने बताया कि मुक्तिधाम का विकास जन सहयोग नगर पालिका एवं अल्ट्राटेक कंपनी के सहयोग से हुआ है वर्षा काल में 111 नीम के पौधे लगाने का लक्ष्य है इसके लिए कोई चैरिटेबल ट्रस्ट या अन्य सहयोग करना चाहते हैं तो वह आपेक्षित है नीम के पौधे लगाने का उद्देश्य है कि आने वाले समय में इन्हीं पौधों से लकड़ी मिल जाएगी जिससे मुक्तिधाम में अंत्येष्टि इसी लकड़ी से हो सकेगी

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**मनावर नि प्र लाईफ़ लाइन कॉन्वेंट हायरसेंड्री स्कूल मनावर द्वारा प्रतिभावान छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह स्कूल परिसर में रखा गया जिसमें 5 वी 8वी 10 वि 12 वि के सर्वाधिक अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ पालको का भी शिल्ड और प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया गया**

लाइफ लाइन हॉयर सेकेंडरी स्कूल मनावर में *छात्र-छात्राओं के साथ पालकों का भी सम्मान यह गौरव की बात है श्री भरत जांचपुरे,संस्था के चेयरमैन प्रकाश नारायण अग्निहोत्री जी के द्वारा कहा गया कि हमारा स्कूल प्रबंधन संपूर्ण रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर है और हम कम मूल्य में श्रेष्ठ शिक्षा देने का दायित्व रखते हैं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी भरत जाचपुरे ने कहा छात्रों के साथ पालकों का सम्मान गौरव की बात है विकास खंड शिक्षा समन्वयक किशोर बाघेश्वर ने कहा छात्र मोबाइल का सही उपयोग कर स्कूल संबंधी ज्ञान अर्जित करे

प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्टीय महा सचिव सैयद रिजवान अली,भागीरथ राठौड़ तुकाराम पाटीदार ,किशोर बागेश्वर, और सुरेश पाटीदार समेत समाजसेवी सुनील चौहान स्टार ,मनोज नामदेव मंच पर अतिथि के रूप में मौजूद थे।




सैयद ने कहा संस्था के शिक्षक शिक्षिका ईमानदारी से छात्रों को हीरे जैसा तराश रहे है जिससे छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में परचम लहराया इसका श्रेय संस्था को जाता । *प्राचार्य शशिकांत पाटिल ने काहा*9 बच्चों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हर जगह विद्यालय द्वारा किया जाना जरूरी है ताकि बच्चों को प्रोत्साहन मिल सके और उत्साह के साथ आने वाले भविष्य में कुछ बेहतर कर पाए।

इस अवसर पर सबसे पुराने वरिष्ठ शिक्षक ओंकार लाल कुशवाह राजेश शर्मा को ओर सभी अतिथियों को शाल श्री फल पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया । कार्यक्रम मै लाइफ लाइन उमरबन,बाकानेर जीराबाद,मनावर स्टाफ मौजूद रहा ।संचालन प्राचार्य श्री शशिकांत पाटिल ने किया और आभार संस्था की डायरेक्टर अरुणिमा अग्निहोत्री ने माना।

**एक नजर** — गो भक्तों ने किया भव्य स्वागत।। धरती पर अगर भगवान का रूप है तो सिर्फ गौ माता जिसका दूध और नीत दोनों अमृत के समान है

# राजस्थान के पथमेड़ा से निकली गौ क्रांति यात्रा दसई पहुंची

**सरदारपुर** । हमारे देश मे गौ माता को माता माना जाता है परंतु दुर्भाग्य से सबसे अधिक हमारे देश मे ही गौ हत्या होती है इसी विषय को लेकर कई बार बडे बडे आंदोलन हुए, और कई गौ भक्तो ने अपनी जान दे दी उसके बडे बडे सरकार ने कानुन बना दिये उसके बाद भी आज भी हमारे देश मे गाय काटी जा रही है गाय माता को बचाने हेतु अब राजस्थान के पथमेड़ा से निकली गौ क्रांति यात्रा

देश भर की यात्रा करते हुए मध्यप्रदेश के धार जिले के दसई गौ शाला पहुची।

यह नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए हाथ मे भगवा ध्वज लिये वाहन रैली पहुंची।

यात्रा में एक बग्गी में संतजन विराजमान थे। अलग वाहन में गो माता को लाया गया। मार्ग में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। देर रात भजन कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ।




मुख्य वक्ता गो क्रांतिकारी संत गोपाल स्वामी गो शरणानंद महाराज ने गो माता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में गो माता को मां का दर्जा दिया गया है। कार्यक्रम में संत जन व गौ भक्तो की भी उपस्थित रहे। यह यात्रा आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरण का माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य गो संरक्षण और गो सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। हम आपको बता दे कि गौ माता के नीत.से घर एवं यज्ञशाला का शुद्धिकरण होता है गायक का दूध पीने वाले की बुद्धि बहुत तेजस्वी होती है जब तक गाय माता धरती पर पूजनीय होगी गौशाला एवं घर पर सेवा होगी तब तक सब सुरक्षित है और अगर लापरवाही से गौ माता की हत्या होती है तो समझो सर्वनाश की तैयारी है जिसे कोई भी नहीं बचा पाएगा